# पूर्व मध्य रेल, सोनपुर मंडल

## “मरेप्र महोदय के साथ ई0सी0आर0के0यू0 की मंडल स्तरीय 35वीं स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक का कार्यवृत”

*दिनांक–30.06.2023* *स्थान–मरेप्र.सभाकक्ष/सोनपुर*

**सेक्रेट बैलेट चुनाव 2013 के बाद ईसीआरकेयू के साथ मंडल स्तर पर दिनांक 30.06.2023 को सम्पन्न पैंतीसवां (35th) स्थाई वार्ता तंत्र (पी0एन0एम0) की बैठक का कार्यवृत**

उपस्थिति

| प्रशासन पक्ष (सर्वश्री) | | | संघ पक्ष (सर्वश्री) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नीलमणि | मरेप्र | 1 | शिव प्रसाद यादव | मंडल अध्यक्ष |
| 2 | दीपक राज राय | मकाधि (प्रभारी) | 2 | प्रियदर्शी राजीव | उपाध्यक्ष |
| 3 | डा0 रश्मि कांत | अमुचिधि | 3 | डी0के0 झा | उपाध्यक्ष |
| 4 | इंद्रेश कुमार | वमई/स0 | 4 | एस0सी0त्रिवेदी | मंडल मंत्री |
| 5 | अभिषेक कुमार | वमसिदूई | 5 | सत्येन्द्र कुमार सिंह | संयुक्त मंत्री |
| 6 | प्रसन्ना कात्यायन | वमवाप्र | 6 | बबलु कुमार | संयुक्त मंत्री |
| 7 | इम्तियाज आलम | वमपचाप्र | 7 | आफताब आलम | संगठन मंत्री |
| 8 | पवन नाग | वमविइं (टीआरएस) | 8 | मंजीत मोहन | कोषाध्यक्ष |
| 9 | अभिजात कुमार | वमविइं (टीआरओ) | 9 | धर्मेन्द्र कुमार ठाकुर | शाखामंत्री/थानाबिहपुर |
| 10 | अभिषेक कुमार | वमविइं (टीआरडी) | 10 | आशुतोष कुमार सिंह | शाखामंत्री/मुज0 |
| 11 | कुमार परमानंद | वमंसाप्र | 11 | शैलेन्द्र कुमार सिंह | शाखामंत्री/ओडी/सोन |
| 12 | सुदर्शन पाण्डेय | सीनियर सीडीओ/डेमू शेड | 12 | रामसुभग सिंह | शाखामंत्री/मुज0–2 |
| 13 | सुमित कुमार | डीएमइं/टीएस–II | 13 | विकाशचन्द्र पाल | शाखामंत्री/बरौनी ओडी |
| 14 | शिवेन्द्र कुमार | मविइं/प्रभारी (सामान्य) | 14 | मनोज कुमार गोस्वामी | शाखामंत्री/गढहरा |
| 15 | अजय कुमार | ससुआ | 15 | धीरेन्द्रमणि तिवारी | शाखामंत्री/बरौनी |
| 16 | चन्द्र किशोर | सकाधि–I | 16 | जीवानन्द मिश्रा | शाखामंत्री/गढहरा |
| 17 | राघवेन्द्र कुमार | समविप्र | 17 | त्रिभुवन पासवान | शाखामंत्री//हाजीपुर |
| | | | 18 | शशि शंकर सिंह | अध्यक्ष/हाजीपुर |
| | | | 19 | मृत्युंजय शर्मा | सं0 शाखा मंत्री/ मुज0 |

परिचर्चा बिन्दु :

| | |
|---|---|
| ❖ | <u>मकाधि (प्रभारी) का संबोधन</u> : स्थाई वार्ता तंत्र की 35वीं एवं इस वर्ष की तृतीय बैठक का शुभारम्भ करते हुए इस वार्ता तंत्र के सचिव–सह–मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) ने बैठक के अध्यक्ष एवं प्रशासन तथा यूनियन दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। बैठक की कारवाई को आगे बढ़ाने के पहले, परिचर्चा बिन्दु पर औद्योगिक संबंध पूर्व की भाँती सार्थक और कारगर स्थापित होने की उम्मीद जताई। साथ ही, श्री शिव प्रसाद जी से परिचर्चा बिन्दु पर अपने विचार व्यक्त करने हेतु आग्रह किया। |
| ❖ | <u>श्री शिव प्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष, ईसीआरकेयू का संबोधन</u> : बैठक में प्रशासन पक्ष के सभी अधिकारी तथा यूनियन पक्ष के सभी आगन्तुक प्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। साथ ही, पीएनएम एवं प्रेम की बैठक कैलेण्डर के अनुसार ससमय कराये जाने, चयन कैलेण्डर के अनुसार पदोन्नति संबंधी त्वरित कार्रवाही तथा कर्मचारी परिवाद के त्वरित निष्पादन के लिए मकाधि (प्रमारी) महोदय को विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया। अभी हाल ही में संरक्षा एवं सुरक्षा शीर्ष पर कुछ कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। यह काफी अच्छी पहल है। इस प्रकार के पहल से नीचे स्तर पर कर्मचारियों के बीच अच्छा संदेश जाता है और अन्य कर्मचारी को भी इससे प्रेरणा मिलती है। इसी के साथ इंट्रोडक्टरी के माध्यम से कुछ मुद्दे प्रशासन से समक्ष उजागर किये गये, जो निम्नरूपेण है:<br>• रेलवे अस्पताल, गढहरा और स्वास्थ्य ईकाई, थानाबिहपुर/मानसी में किसी चिकित्सक की पदस्थापना नहीं होने से वहां पर कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को स्वास्थय संबंधी सुविधा नहीं मिल पा रहा है।<br>• एक ट्रैकमेन्टेनर जो कुर्सेला में कार्यरत है, उसको विगत दिनों चोट लग गई। स्वास्थ्य ईकाई में चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण वह निजी अस्पताल में इलाज करवा रहा है। उक्त कर्मचारी को एचओडी देने में रेलवे अस्पताल के द्वारा कई प्रकार के कागजात की मांग की जा रही है। बाद में, यूनियन के प्रतिनिधि द्वारा इस संबंध में वार्ता के उपरांत उसको एचओडी दिया गया।<br>• गढ़हरा, अस्पताल में वाटर कुलर एवं आर0ओ0 खराब है। जिसके कारण वहां मरीज एवं उनके परिजन को पीने योग्य पानी नहीं मिल पा रहा है।<br>• ग्लोबल अस्पताल /बेगुसराय का पहले रेलवे अस्पताल से टाई–अप था, जिसका चिकित्सीय व्यवस्था काफी अच्छी थी और उक्त अस्पताल में डायलेसिस की सुविधा उपलब्ध थी। वर्तमान में बरौनी/बेगुसराय के परिक्षेत्र में कार्य करने वाले कुछ कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को चिकित्सक द्वारा डायलेसिस करवाने हेतु परामर्श दिया गया है। परंतु, इसकी सुविधा रेलवे अस्पतालों में नही रहने के कारण कर्मचारियों एवं उनके वार्ड को काफी कठिनाई होती है। इसलिए यूनियन यह मांग करती है कि ग्लोबल अस्पताल /बेगुसराय को रेलवे अस्पताल से निबंधित किया जाये, ताकि कर्मचारीगण उच्च स्तर की चिकित्सीय सुविधा प्राप्त कर सकें। |

- गढहरा में पिछले दो महीने से पानी और बिजली की समस्या ने काफी भयाक्रांत रूप ले लिया है। जब कभी बिजली रहता है तो पंप से पानी का सप्लाई नहीं होता है और जब पंप ठीक रहता है तो बिजली नदारद रहती है। इन्हीं समस्या के बीच गढ़हरा में स्टील टैण्क के मरम्मती का कार्य शुरू हो गया है, जिससे वहां टैण्क चॉक हो गया है। वर्तमान समय मे आदमी के जरूरियात कार्य हेतु भी पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। गढ़हरा में बिजल की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। ओवर हेड हाई टेंशन वॉयर काफी जर्जर अवस्था में है। इन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाए।
- गढ़हरा में पीने के पानी की समस्या को दूर करने के लिए गंगा ब्रिज कॉलोनी में आर0सी0सी0 टैण्क का निर्माण कराया जा रहा है। परंतु बहुत खेद के साथ यह कहना पड़ रहा है कि 8 वर्ष का समय बीत जाने के बावजूद भी इसका निर्माण अभी तक नहीं हो पाया है। यदि यह कार्य संपादित करा लिया जायेगा, तो निश्चित रूप से गढहरा में पानी की समस्याओं से हम निजात पा लेंगें।
- गढहरा में परित्यक्त रेल आवासों पर अवैध लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जो रेलवे में रह रहे कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के सुरक्षा दृष्टिकोण से सही नहीं है। पूर्व में भी इस फोरम यह निर्णय हो चुका है कि परित्यक्त आवासों को जल्द से जल्द तोड़ा जाए। परंतु, अभी तक इस पर कोई कार्य नहीं हुआ है। अतः यूनियन यह पुनः मांग करती है कि जो भी आवास परित्यक्त हो गया है, उसे अविलंब तोड़ा जाए।
- गढहरा कॉलोनियों में जो नाले है, वे काफी जर्जर हो गए हैं। नालों की चौड़ाई भी सिमट कर लगभग 2 इंच की हो गई है, बरसात के समय में पानी के समय में वहां पर जल–जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अतः कॉलोनियों के नालों को चौड़ा कराये जाने की जरूरत है।
- कॉलोनियों में चूते हुए छत की मरम्मत करवाई जाए।
- गढहरा से बरौनी जाने वाले रास्ते पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगवाया जाए।
- बिल कार्यालय/बरौनी में वर्तमान में एक गार्ड द्वारा एक बिल लिपिक श्री संजीव कुमार पर जानलेवा हमला किया गया, जिसमें श्री संजीव कुमार बाल–बाल बच गए। यूनियन द्वारा इस संबंध में पूछ–ताछ पर यह जानकारी प्राप्त हुई कि गलती गार्ड की ही थी। इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति से बचने के लिए दोषी गार्ड पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।
- यह बताते हुए मुझे बड़ा खेद हो रहा है कि सोनपुर मंडल में कर्मचारी आपस में चंदा कर पीने हेतु पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। विगत काफी दिनों से यह यूनियन द्वारा ईएलएस/बरौनी में पीने हेतु पानी की समस्या हेतु प्रशासन को ध्यानाकृष्ट कराया जा रहा

है, परंतु प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं करने पर वहां पर सभी कर्मचारियों द्वारा इंडस्ट्रियल आर0ओ0 लगाने हेतु 2 लाख 9 हजार रूपए चंदा एकत्र किया गया है। यह काफी दुःख की बात है कि हम अपने कर्मचारियों को शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं और कर्मचारी अपने पैसे से पीने के पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।

- बरौनी कोचिंग डिपो के शेड दोनो तरफ से खुला है। जिससे तूफान आने के कारण दोनो साइड का कवर टूट गया। बारिश के मौसम में पानी आने के कारण वहां पर लगातार पानी आता है, जिससे कार्य करने में काफी परेशानी हो रही है।
- आजकल मंडल में का[illegible] स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों से डबल ड्यूटी लिया जा रहा है। जिस कारण कर्मचारियों को रेस्ट नहीं मिल पर रहा है। यदि कर्मचारी निर्धारित घंटों से अधिक कार्य कर रहे हैं तो उन्हें नियमानुसार रेस्ट दिया जाना चाहिए। इस ससमस रेस्ट देने हेतु नियम को सर्वसंबंधित के बीच परिपत्रित कराया जाए।
- बरौनी में सभी सफाईवालों को सरप्लस कर उन्हें अन्य विभागों में समायोजित कर दिया गया है। परंतु काफी सफाईवाला कर्मचारियों को उनके स्थान से विरमित नहीं किया जा रहा है। यदि एजेन्सी द्वारा वहां पर कार्य शुरू कर दिया गया है तो उन कर्मचारियों को तत्काल विरमित कराया जाये।
- शाहपुर पटोरी खण्ड में कीमैन से ही पेट्रोलिंग का कार्य भी कराया जा रहा है। एक ही कर्मचारी से दो विभिन्न प्रकृति के कार्य कराये जा रहे हैं, इस पर विचार करने की जरूरत है।

❖ श्री एस0 सी0 त्रिवेदी, मंडल मंत्री ईसीआरकेयू का संबोधन : बैठक में प्रशासन पक्ष के सभी अधिकारी तथा यूनियन पक्ष के सभी आगन्तुक प्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। साथ ही, मंडल में आये नये अधिकारी वमइं (समन्वय)/सोनपुर का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व मे यूनियन के साथ जैसे संबंध बने है वैसे भी आगे रहेंगे इसकी वांछा की। साथ ही, विगत दिनों कर्मचारियों को दिए गए रिकार्ड पदोन्नति पर प्रशासन पक्ष को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा हाल के दिनों में कर्मचारियों को दिए गए अधिकतम दण्ड पर क्षोभ प्रकट करते हुए कहा कि सीमांचल एक्सप्रेस के दुर्घटना में जांच के अंतर्गत कुछ ट्रैक मेन्टेनर को रेल सेवा से हटा दिया गया। बाद में उन्हें पुनः बहाल किया गया और लगभग दो साल से वे कार्य कर रहे हैं। उसके बाद में वमइं– । के द्वारा हाल में एक आदेश पारित किया गया है कि नियम की जानकारी के अभाव में उनके द्वारा दिया गया दण्ड सेफ्टी से विधिक्षा नहीं कराया गया था। अतः पुराना आदेश वापस लेते हुए उन्हें उसी समय से रेल सेवा से हटाया जाता है। यह आदेश अपने आप में अस्पष्ट है। यदि कर्मचारी कोर्ट में जाएगा तो वह तुरंत पुनः रेल सेवा में वापस आ जाएगा। प्रशासन को यह सोचना चाहिए कि एक ट्रैक मेन्टेनर कोटि के कर्मचारी के पास कितना पैसा होता है कि वह न्यायालय में केस लड़ेगा। न्यायालय में केस लड़ने के लिए उसे किसी से पैसा मांगना पड़ेगा। इतने

| | |
|---|---|
| | दिन तक अपने तथा परिवार के भरण–पोषण हेतु खर्च का दबाव अलग होगा। हमलोग अपने कर्मचारियों को किस ओर ले जा रहे हैं, इस पर प्रशासन को सोचना चाहिए। सक्षम आदमी के पास तो पैसा होता है, वह तुरंत कोर्ट जाता है और रिलीफ पा जाता है। परंतु गरीब कर्मचारियों का क्या? कर्मचारियों के बीच सेफ्टी से जागरूकता के लिए कड़ा संदेश देने के लिए हम किसी गेटमैन को 14.2 के तहत रिमूव कर दे रहे है। यदि कोई कर्मचारी से गलती होता है तो उसके लिए डी एण्ड आर की प्रक्रिया है। उस पर जांच कराई जानी चाहिए। बिना किसी जांच के कर्मचारी को सीधे रेल सेवा से हटा देना समस्या का समाधान नहीं है। यदि हमलोग यह पूछते हैं कि ऐसा क्यों हो रहा है तो सुपरवाइजर से लेकर नियंत्रक स्तर के अधिकारी द्वारा यह कहा जाता है कि ऊपर से आदेश है। मंडल के 80 प्रतिशत गेट व्यस्त गेट हैं, जिसपर शराब माफिया का कब्जा हैं। गेट पर कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए हमने क्या बंदोबस्त किया है। अभी हाल ही में अक्षयवट राय नगर के गेट नंबर 27/सी पर कार्यरत गेटमैन को अनिवार्य सेवानिवृत्त करा दिया गया। इसमें यह बहुत महत्वपूर्ण चीज है कि अगर गेट खुल जाएगा तो सिग्नल फ्लाई होना चाहिए, परंतु वहां सिग्नल फ्लाई नहीं हुआ। वहां पर व्यक्ति बुम को उठाकर पार कर रहा था। लेकिन प्रशासन द्वारा जांच को गलत दिशा में मोड़ दिया गया। कुर्सेला में हमारा कर्मचारी कार्य करते हुए घायल हो गया और हम उसे एचओडी देने के लिए उसे इधर–उधर घुमा रहे हैं। टार्च में जो बैट्री सप्लाई हो रही है वह खराब है। अगर सप्लाई खराब आया है तो उसको चेक करके जो अधिकारी है उन्हें क्यों नहीं दण्डित किया जाए, पर इस पर प्रशासन मौन है। गार्ड बॉक्स खत्म हो गया है। गार्ड बिना गार्ड बॉक्स के चल रहा है। यदि कोई बात आएगी तो सीधे कर्मचारी को दण्डित किया जाएगा। हमलोगा इस पर कितने दिन से वार्ता कर रहे है, परंतु कोई कुछ लिख कर देने को तैयार नहीं है। इसमें कर्मचारी का क्या दोष है। अभी हाल ही में मरेप्र महोदय द्वारा एक आवास का आवंटन रद्द कर दिया गया लेकिन आज तक आवास खाली नहीं हुआ। हमारा आपलोग से आग्रह है कि किसी बड़े मंत्री, आदि की बातों को ही न देखा जाए। यदि, यूनियन किसी समस्या की तरफ ध्यानाकृष्ट करा रही है तो उसे भी देखा जाना चाहिए। हमारा आपलोगों से आग्रह है कि नियम विरूद्ध कोई कार्य नहीं किया जाये। हमारे सुझावों को परिवाद नहीं समझा जाए। अभी हाल ही में समाडि विभाग का मामला आपलोगों के सामने ध्यानाकृष्ट कराते हुए कहा कि समाडि विभाग के सुपरवाइजर द्वारा बायो–टॉयलेट के बारे में शिकायत पर ठेकेदार पर 1.5 करोड़ का जुर्माना लगाया। ठेकेदार द्वारा उक्त सुपरवाइजर से कहा गया कि आपको जहां पर शिकायत करनी है वहां कीजिए। बाद में ठेकेदार द्वारा सभी जुर्माना को माफ करा लिया गया। इस प्रकार के कार्यवृति से हमारे कर्मचारियों का मनोबल गिरता है। नारायणपुर में रेक को फिट देने का समय 6 घंटे से 4 घंटे कर दिया गया। कार्य को संपादित करने में 16 आदमी होने चाहिए परंतु कार्य 8 से 09 कर्मचारियों द्वारा संपादित किया जा रहा है। कार्य के लिए आवश्यक मानव बल मुहैया नहीं कराया जा रहा है, परंतु यदि गाड़ी खड़ी हो जाएगी तो कर्मचारी को तुरंत बर्खास्त कर दिया जायेगा। हमलोग द्वारा हाजीपुर में स्टैण्ड बाई जनरेटर की |

सुविधा मुहैया कराये जाने के शीर्ष पर कई पीएनएम से कहा जा रहा है, परंतु इस संबंध में कोई उचित पहल प्रशासन द्वारा नहीं किया गया। यदि, वर्तमान जनरेटर खराब हो जाए और हाजीपुर स्टेशन अंधेरे में डूब जाए तो इसका जिम्मेवार कौन होगा? वर्तमान में सोनपुर में लाइन की दुदर्शा के बारे में सभी वाकिफ हैं। जब से 33 के0वी0ए0 ट्रांसफार्मर के अनुरक्षण का कार्य ठेकेदार को दिया गया है, तब से बिजली की स्थिति काफी खराब हो गई है। विद्युत विभाग का यह ठेकेदार कर्मचारियों और अधिकारियों से ज्यादा ताकतवर है। इसके सामने सभी मौन रहते है। ऐसे ठेकेदारों पर अंकुश लगाये जाने की जरूरत है। पहले के पीएनएम में स्वयं मरेप्र महोदय द्वारा यह सभी शाखाधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि यदि सामूहिक कंप्लेन आता है तो उसकी सम्यक जांच कराई जाए तथा दोषी पर सम्यक कार्रवाई भी की जाए। मुझे बहुत दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि डीआरएम सर आपके द्वारा दिये गये निर्देश के बावजूद भी टीआरडी विभाग में 60 कर्मचारियों द्वारा वहां के सीसेई श्री बैठा जी के खिलाफ सामूहिक रूप से लिखित शिकायत किया गया परंतु उस शिकायत पर कोई जांच नहीं कराई गई। आखिर क्या बात है कि रोटेशनल ट्रांसफर की प्रकिया के तहत श्री बैठा सीसेई बाहर आते है। वे विगत 15 साल से यही सोनपुर में कार्यरत हैं। यह स्थिति थानाबिहपुर में पदस्थापित पीडब्लूआई की भी है। पीडब्लूआई/थानाबिहपुर द्वारा रेस्ट के लिए, छुट्टी के लिए पैसा मांगा जाता है। वहां पर अपने मन से बिना कंपीटेन्सी के गेट पर कर्मचारी की ड्यूटी लगा दी जाती है। सामुदायिक भवन, मुजफ्फपुर में ठेकेदार द्वारा कब्जा कर लिया गया है। वहां पर वह अपना सामान रख रहा है। उसके द्वारा सामुदायिक भवन के फर्श को भी खराब कर दिया गया है। मेरे द्वारा आज सभी में कहे गये बातों पर प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है। हमें अपने कर्मचारियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। यदि कर्मचारियों द्वारा जी0आर0 का पालन नहीं किया जा रहा हो, एस0आर0 का पालन नहीं किया जा रहा हो तभी कार्रवाई की जाए। हरेक मामलों में हमें कर्मचारियों को दंडित करने से बचना चाहिए। गलती को ध्यान में रखते हुए दण्ड दिया जाना चाहिए। छोटी गलती के लिए भी बड़ा दण्ड देने से कर्मचारी हतोत्साहित होते हैं।

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>1</td><td colspan="3" rowspan="2">सोनपुर मंडल में लोको पायलट शंटर का लगभग 105 पद स्वीकृत है जबकि सिर्फ 05 ही लोको पायलट शंटर उपलब्ध है। शंटिंग का कार्य वरीय सलोपा से लिया जाता है परंतु उनको पदोन्नति नहीं दिया जा रहा है। साथ ही मेमू/डेमू रैक का शंटिंग लोको पायलट शंटर या लोको पायलट से कराने का नियम है परंतु इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है। अतः संघ माँग करती है कि अविलम्ब लोको पायलट शंटर के रिक्त पदों को पदोन्नति देकर भरा जाए एवं नियमानुसार शंटिंग का कार्य करवाया जाए।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>02/21</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">DPO(IC)<br>&<br>Sr.DEE<br>(TRO)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>लोको पायलट शंटर–। लेवल 06 में पदोन्नति हेतु निचले ग्रेड में उपलब्ध 03 कर्मचारियों की सुयोग्यता जाँच हेतु मिसिल विभागीय अधिकारी वमंविई (टीआरओ) के सक्षम उपयुक्ता जॉच हेतु प्रेषित की गई है।<br>प्रसलोपा लेवल–04 से लोपा शंटर ग्रेड–02 (लेवल–4) में पदोन्नति के मामले में पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति हेतु अनिवार्य कोर्स उत्तीर्ण नही होने एवं पदोन्नति दिये जाने से सालोपा संवर्ग में कर्मचारियों की कमी होने से Operational inbalance होने के शीर्ष पर वमंविई/टीआरओ/सोनपुर द्वारा मुख्यालय/हाजीपुर से मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार मुख्यालय हाजीपुर को संदर्भ किया जा रहा है।</td><td>मकाधि (प्रभारी) एवं वमविइ (टीआरओ) समीक्षा कर इसे शीघ्रतापूर्वक पूरा किया जाए।</td><td>शंटर की रिक्ति को भरने के प्रावधानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय स्तर पर इसको पूर्ण किया जाये।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>2</td><td colspan="3" rowspan="2">नारायणपुर अनंत में कोई नाला नहीं होने के कारण बरसात के मौसम में जल जमाव हो जाता है। वहाँ महीनों तक वैसे ही जल जमाव रहता है जिससे कर्मचारियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अतः ऐसे नालों का निर्माण किया जाए एवं जल जिसकी निकासी ऐसे जगह किये जाए कि जलजमाव न हो ।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>17/21</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN (C)</td><td><u>अद्यतन अभियुक्ति</u></td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>कार्य प्रगति पर है। यह कार्य दिनांक–30.06.2023 तक पूरा करा लिया जाएगा।</td><td>शीघ्रतापूर्वक किया जाय। यथावत।</td><td>वमई /समन्वय इसकी समीक्षा कर शीघ्रतापूर्वक कार्रवाई किया जाए।</td></tr>
</table>

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 3 | उक्त खण्ड में किसी भी स्टेशन पर Relieving Lodge की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे परिचालन विभाग के कर्मचारियों को काफी असुविधा होती है। अतः संघ ये मॉग करती है कि उक्त खण्ड के सभी स्टेशनों पर Relieving Lodge की सुविधा यथाशीघ्र उपलब्ध करायी जाए। प्राथमिकता पर सोनपुर एवं दिघवारा में की जा सकती है। | | |
| मद सं0 | 21/21 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEN (C) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | इस कार्य के लिए Joint Survey करा लिया गया है तथा जरूरी इंजीनियरिंग कार्य 15 जुलाई तक पूरा करा लिया जाएगा। | यथावत। अगले पीएनएम के पूर्व कर लिया जाय। | इसको जल्द से जल्द पूर्ण करवाया जाए। वमपचाप्र फर्नीचर की सुविधा उपलब्ध करायें। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 4 | विघुत लोको शेड/बरौनी में लैब कार्य के लिए अभी तक सीएमएस की नियुक्ति नही हो पाई है। | | |
| मद सं0 | 08/22 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEE(TRS) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | विघुत लोको शेड/बरौनी में लैब कार्य के लिए सीएमएस की नियुक्ति हेतु आरआरबी से बहाली प्रकिया करने के लिए पत्र सं0–ईएलएस/बीजेयू/103, दिनांक–03.06.2021 एवं 31.05.2023 को मरेप्र (का)/सोनपुर को दिया गया है तथा वर्तमान में श्री रितेश, एसएसई/ईएलएस/बरौनी को आरडीएसओ लखनउ दि0–10.10.2022 से 14.10.2022 तक यूएसटी प्रशिक्षण के लिए भेजा गया तथा सफल प्रशिक्षण उपरांत यूएसटी का कार्य करवाया जा रहा है, काफी जरूरत होने पर सीएमएस डीजल शेड/समस्तीपुर को बुलाकर यूएसटी का कार्य करवाया जाता है। | सीधी भर्ती कोटे से नियुक्ति के अतिरिक्त मुख्यालय से पदस्थापना हेतु अनुरोध की जाए। यथावत। | यथावत। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 5 | विद्युत लोको शेड/बरौनी अभी तक कर्मचारियों की संख्या 200 से अधिक हो गयी है किन्तु रेल आवास मात्र 36 है। रेल आवास की समुचित व्यवस्था किया जाय। आर0पी0एस0एफ0 के खाली आवासों को अगर शेड को दे दिया जाय तो समस्या का समाधान हो जाता । | | |
| मद सं0 | 08/22 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEN(C) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | Work Order जारी किया जा चुका है। शीघ्र ही कार्य करा दिया जायेगा। | टीआरएस द्वारा नये आवास के लिए प्रस्ताव दिया जाये। इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पुराने आवास की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। यथावत। | पूर्व में प्रकरण आयोजित बैठक में निर्णित है कि आरपीएफ बैरक बनने के बाद आरपीएफ के द्वारा क्वार्टर खाली करने पर सभी आवास इएलएस बरौनी को हस्तगत करया जाएगा। मद बंद। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 6 | लोको शेड/बरौनी में कांटावाला के बिना ही शंटिंग का कार्य किया जा रहा है। अतः कांटावाला का यथाशीघ्र परिचालन विभाग के द्वारा पदस्थापना किया जाए। | | |
| मद सं0 | 8/22 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DOM | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | वर्तमान में ग्रुप डी संवर्ग में 115 रिक्तियाँ उपलब्ध हैं, जिसके कारण Separate कर्मचारी की व्यवस्था संभव नहीं है। अतः कर्मचारी उपलब्ध होने पर पूर्व में निर्गत JPO की समीक्षा के उपरान्त ही लोको शेड/बरौनी में अलग से शंटिग कार्य हेतु उपलब्ध कराया जाना संभव होगा। | सेपरेट मैन पावर की व्यवस्था की जाए। यथावत। | नये पैनल मिलने पर वहां पर पदस्थापित कर दिया जाएगा। मद बंद। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 7 | NER, NFR में सोनपुर के गाड़ी मैनेजर को होने वाले परेशानी के सबंध मे। | | |
| मद सं0 | 16/22 | सोनपुर मंडल के गाड़ी मैनेजर मुख्यतः एनईआर एवं एनएफआर के कमश– छपरा, बनारस, गोरखपुर एवं कटिहार प्वाईन्ट पर गाड़ी लेकर जाते है। उन दोनों रेलवे में लाईन बॉक्स बंद कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में सोनपुर मंडल के गाड़ी मैनेजर को वहाँ लाईन बॉक्स लेकर गाड़ी कार्य करते हुए जाने में काफी असुविधा होती है। अतः संघ मॉग करती है कि उन दोनों रेलवे से बात कर समस्या का निदान किया जाय ताकि गाड़ी मैनेजर अपने संरक्षा उपकरणों के साथ गाड़ी परिचालन का कार्य सुचारू रूप से कर सके। | | |
| सम्बद्ध | Sr.DOM | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | इस संबंध में मुख्य परिचालन प्रबंधक (सामान्य)/पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर को दिनांक–23.01.2023 को पत्र लिखा गया है, क्योकि यह नीतिगत मामला है। इस संबंध में मुख्यालय स्तर पर निर्णय अपेक्षित है। | इसको **examine** कराते हुए मामले का निष्पादन किया जाए। | इसको **examine** कराते हुए मामले का निष्पादन किया जाए। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 8 | विद्युत लोको शेड/बरौनी में विद्युत संचालन बाधित होने पर रात्रि ड्यूटी करने में कर्मचारियो को परेशानी होती है, लाईट का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। | | |
| मद सं0 | 08/22 | | | |
| सम्बद्ध | DEE(IG)/G | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | सीसेई/विद्युत/बरौनी को निर्देश दिया गया है कि Requirement के हिसाब से विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराये। | वमविइ/टीआरएस अपना रिक्वायरमेंट को **examine** करते हए वमविइ/विद्युत(सामान्य)के साथ समन्वय कर इसको अविलंब निष्पादन किया जाए। डीजी सेट का पुर्नवितरण सुनिश्चित किया जाय। | यथावत। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 9 | सोनपुर मंडल के सभी समपार पर प्रकाश एवं पंखा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। | | |
| मद सं0 | 04/22 | | | |
| सम्बद्ध | DEE (IC)/G | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | अधिकांश एलसी.सी. गेटों पर पंखा लगा दिया गया है। जिन गेटों पर इंजी0 विभाग द्वारा हुक का प्रावधान – जैसे जैसे किया जा रहा है, वैसे वैसे पंखा लगाया जा रहा है। | **DEE (IC)/G/SEE** एक महीने के अंदर सभी गेटों पर पंखा लगाना सुनिश्चित करें। | यथावत। 15 दिनों के अंदर अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। |

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>10</td><td colspan="3" rowspan="2">एक तरफ लगातार सफाई कर्मचारियों का पद समाप्त किया जा रहा है परंतु सफाई की उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है जिससे रेल कर्मचारियों के आवासों (कॉलोनियों) का सफाई सही से नहीं हो रहा है। अतः संघ माँग करती है कि कॉलोनी की साफ सफाई की उचित व्यवस्था किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>04/22</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">CMS</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>सभी रेलवे कॉलोनीयों के सफाई का कार्य आउटसोंसिग के माध्यम से किया जाना है। इस कम में हाजीपुर, सोनपुर एवं बरौनी कॉलोनी का कार्य निविदा के माध्यम से किया जा रहा है।<br>शेष बचे कॉलोनियों के सफाई के कार्य आउटसोसिंग जल्द से जल्द करा दिया जाएगा।</td><td>आउटसोसिंग प्रक्रिया शीघ्र सुनिश्चित किया जाय। यथावत।</td><td>1 महीने के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>11</td><td colspan="3" rowspan="2">विघुत लोको शेड/बरौनी का कैडर क्लोज हुए एक माह से ज्यादा हो चुका है किन्तु अभी तक वरीयता सूची जारी नही किया गया है जिससे कर्मचारियों की पदोन्नति में विलंब हो रहा है ।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>8/22</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">DPO(IC)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>विघुत लोको शेड/बरौनी का कैडर क्लोज दिनांक 12.08.2022 से किया गया हैं। दिनांक 01.01.2023 के स्थिति में सभी कर्मचारियों की वरीयता सूची जारी कर दी गयी हैं। पदोन्नति प्रकिया के कम में इस कार्यालय के कार्यालय आदेश संख्या:462 दिनांक:27.06.2023 द्वारा कुल 33 कर्मचारियों को टेक–।।। जीपी 1900 से टेक–।। जीपी 2400 में पदोन्नति प्रदान किया गया है।<br><br>इसके अतिरिक्त टेक–। जीपी 2800 में पदोन्नति पात्र 4 कर्मचारियों का सुयोग्यता जॉच हेतु नामित कमिटि के समक्ष प्रस्तुत है एवं हेल्पर से टेक–।।। 50 प्रतिशत पदोन्नति कोटे के तहत भी पदोन्नति की कार्यवाई की जा रही है।</td><td>मामले में त्वरित कार्रवाई की जाए।</td><td>मद बंद।</td></tr>
</table>

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 5 | विद्युत लोको शेड/बरौनी अभी तक कर्मचारियों की संख्या 200 से अधिक हो गयी है किन्तु रेल आवास मात्र 36 है। रेल आवास की समुचित व्यवस्था किया जाय। आर0पी0एस0एफ0 के खाली आवासों को अगर शेड को दे दिया जाय तो समस्या का समाधान हो जाता । | | |
| मद सं0 | 08/22 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEN(C) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | Work Order जारी किया जा चुका है। शीघ्र ही कार्य करा दिया जायेगा। | टीआरएस द्वारा नये आवास के लिए प्रस्ताव दिया जाये। इंजीनियरिंग विभाग द्वारा पुराने आवास की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। यथावत। | पूर्व में प्रकरण आयोजित बैठक में निर्णित है कि आरपीएफ बैरक बनने के बाद आरपीएफ के द्वारा क्वार्टर खाली करने पर सभी आवास इएलएस बरौनी को हस्तगत करया जाएगा। मद बंद। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 6 | लोको शेड/बरौनी में कांटावाला के बिना ही शंटिंग का कार्य किया जा रहा है। अतः कांटावाला का यथाशीघ्र परिचालन विभाग के द्वारा पदस्थापना किया जाए। | | |
| मद सं0 | 8/22 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DOM | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | वर्तमान में ग्रुप डी संवर्ग में 115 रिक्तियॉ उपलब्ध हैं, जिसके कारण Separate कर्मचारी की व्यवस्था संभव नहीं है। अतः कर्मचारी उपलब्ध होने पर पूर्व में निर्गत JPO की समीक्षा के उपरान्त ही लोको शेड/बरौनी में अलग से शंटिग कार्य हेतु उपलब्ध कराया जाना संभव होगा। | सेपरेट मैन पावर की व्यवस्था की जाए। यथावत। | नये पैनल मिलने पर वहां पर पदस्थापित कर दिया जाएगा। मद बंद। |

| क्रमांक | 7 | NER, NFR में सोनपुर के गाड़ी मैनेजर को होने वाले परेशानी के सबंध मे। सोनपुर मंडल के गाड़ी मैनेजर मुख्यतः एनईआर एवं एनएफआर के कमश– छपरा, बनारस, गोरखपुर एवं कटिहार प्वाईन्ट पर गाड़ी लेकर जाते है। उन दोनों रेलवे में लाईन बॉक्स बंद कर दिया गया है। ऐसी स्थिति में सोनपुर मंडल के गाड़ी मैनेजर को वहॉ लाईन बॉक्स लेकर गाड़ी कार्य करते हुए जाने में काफी असुविधा होती है। अतः संघ मॉग करती है कि उन दोनों रेलवे से बात कर समस्या का निदान किया जाय ताकि गाड़ी मैनेजर अपने संरक्षा उपकरणों के साथ गाड़ी परिचालन का कार्य सुचारू रूप से कर सके। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 16/22 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DOM | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | इस संबंध में मुख्य परिचालन प्रबंधक (सामान्य)/पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर को दिनांक–23.01.2023 को पत्र लिखा गया है, क्योकि यह नीतिगत मामला है। इस संबंध में मुख्यालय स्तर पर निर्णय अपेक्षित है। | इसको **examine** कराते हुए मामले का निष्पादन किया जाए। | इसको **examine** कराते हुए मामले का निष्पादन किया जाए। |

| क्रमांक | 8 | विघुत लोको शेड/बरौनी में विघुत संचालन बाधित होने पर रात्रि ड्यूटी करने में कर्मचारियो को परेशानी होती है, लाईट का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 08/22 | | | |
| सम्बद्ध | DEE(IG)/G | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | सीसेई/विघुत/बरौनी को निर्देश दिया गया है कि Requirement के हिसाब से विघुत आपूर्ति उपलब्ध कराये। | वमविइ/टीआरएस अपना रिक्वायरमेंट को **examine** करते हए वमविइ/विद्युत(सामान्य)के साथ समन्वय कर इसको अविलंब निष्पादन किया जाए। डीजी सेट का पुर्नवितरण सुनिश्चित किया जाय। | यथावत। |

| क्रमांक | 9 | सोनपुर मंडल के सभी समपार पर प्रकाश एवं पंखा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 04/22 | | | |
| सम्बद्ध | DEE (IC)/G | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | अधिकांश एलसी.सी. गेटों पर पंखा लगा दिया गया है। जिन गेटों पर इंजी0 विभाग द्वारा हुक का प्रावधान – जैसे जैसे किया जा रहा है, वैसे वैसे पंखा लगाया जा रहा है। | **DEE (IC)/G/SEE** एक महीने के अंदर सभी गेटों पर पंखा लगाना सुनिश्चित करें। | यथावत। 15 दिनों के अंदर अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। |

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>10</td><td colspan="3" rowspan="2">एक तरफ लगातार सफाई कर्मचारियों का पद समाप्त किया जा रहा है परंतु सफाई की उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है जिससे रेल कर्मचारियों के आवासों (कॉलोनियों) का सफाई सही से नहीं हो रहा है। अतः संघ मॉंग करती है कि कॉलोनी की साफ सफाई की उचित व्यवस्था किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>04/22</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">CMS</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>सभी रेलवे कॉलोनीयों के सफाई का कार्य आउटसोंसिग के माध्यम से किया जाना है। इस कम में हाजीपुर, सोनपुर एवं बरौनी कॉलोनी का कार्य निविदा के माध्यम से किया जा रहा है।<br>शेष बचे कॉलोनियों के सफाई के कार्य आउटसोसिंग जल्द से जल्द करा दिया जाएगा।</td><td>आउटसोसिंग प्रक्रिया शीघ्र सुनिश्चित किया जाय। यथावत।</td><td>1 महीने के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>11</td><td colspan="3" rowspan="2">विद्युत लोको शेड/बरौनी का कैडर क्लोज हुए एक माह से ज्यादा हो चुका है किन्तु अभी तक वरीयता सूची जारी नही किया गया है जिससे कर्मचारियों की पदोन्नति में विलंब हो रहा है ।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>8/22</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">DPO(IC)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>विद्युत लोको शेड/बरौनी का कैडर क्लोज दिनांक 12.08.2022 से किया गया हैं। दिनांक 01.01.2023 के स्थिति में सभी कर्मचारियों की वरीयता सूची जारी कर दी गयी हैं। पदोन्नति प्रकिया के कम में इस कार्यालय के कार्यालय आदेश संख्या:462 दिनांक:27.06.2023 द्वारा कुल 33 कर्मचारियों को टेक–।।। जीपी 1900 से टेक–।। जीपी 2400 में पदोन्नति प्रदान किया गया है।<br><br>इसके अतिरिक्त टेक–। जीपी 2800 में पदोन्नति पात्र 4 कर्मचारियों का सुयोग्यता जॉच हेतु नामित कमिटि के समक्ष प्रस्तुत है एवं हेल्पर से टेक–।।। 50 प्रतिशत पदोन्नति कोटे के तहत भी पदोन्नति की कार्यवाई की जा रही है।</td><td>मामले में त्वरित कार्रवाई की जाए।</td><td>मद बंद।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>12</td><td colspan="3" rowspan="2">रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार कुछ कर्मचारी एन0पी0एस0 से ओ0 पी0 एस0 में आये है। इनका नवम्बर 2020 से एनपीएस खाता बंद होकर पीएफ खाता में पैसा स्थानान्तरण होना था परंतु लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक यह कार्य संभव नहीं हो पाया है एवं कुछ कर्मचारियों का भेटिंग भी नहीं हुआ है तथा कुछ का तो पात्रता रहने के बावजूद ओ0पी0एस0 में अभी तक नहीं भेजा गया है। अतः संघ यह मॉग करती है कि पात्र कर्मचारियों के पीएफ खाते में यथाशीघ्र राशि स्थानान्तरित किया जाय। जिनका भेटिंग नहीं हुआ है, उनका भेटिंग किया जाय साथ ही पात्र कर्मचारियों को ओपीएस की सुविधा प्रदान की जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>03 / 22</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DFM<br>&<br>DPO/IC</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>उपरोक्त विषय के संबंध मे वैसे कर्मचारी जो रेलवे बोर्ड के पत्र सं0 D-43/12/2018-F(E)III RBE No.28/2020 दिनाक 03–03–2020 के द्वारा NPS से OPS के लिए कुल 151 कर्मचारी सोनपुर मंडल में पात्र पाए गए है। P/B+RPF+RPSF (131+16+4)=151 में से 146 कर्मचारी का सेवा अभिलेख लेखा विभाग में प्राप्त हुआ जिसमें 146 का Vetting हो गया। जिसमें Executive के द्वारा कुल 130 (P/B-114,RPSF-04, RPF-12) कर्मचारी का कटौती विवरण तैयार कर लेखा विभाग को प्राप्त हुआ। जिसमें सभी 130 कर्मचारियों का NSDL से राशि मंगवाने के लिए Process कर दिया गया हैं। शेष (151-130= 21) जिसमें P/B & Engg. DDO+RPF(17+4) कर्मचारी का कटौती विवरण तैयार कर लेखा विभाग को प्राप्त नहीं हुआ हैं। अभी तक 124 कर्मचारी का PF में राशि का समायोजन हो गया हैं। शेष 06 का NSDL से राशि अभी नहीं आया हैं। 2004 NPS से Close होने तक कटौती विवरण PF Laser में Entry कर Interest की गणना की जाती हैं। जिसमें काफी समय लगता है । NSDL से राशि आने में लगभग 03 माह का समय लग जाता है।</td><td>वैसे कर्मचारीगण जिनके द्वारा आवेदन कट आफ तिथि से पूर्व कार्यालय में जमा कराया गया है पर प्रशासनिक देरी के कारण इस हेतु अपात्र घोषित किए जा रहे हैं उनके आवेदन की पुनः समीक्षा की जाए। यथावत। यथावत।</td><td>यथावत।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>13</td><td colspan="3" rowspan="2">आरआरबी मुज0 में जाने का एकमात्र रास्ता बटलर मेन रोड से है। मेन रोड से आरआरबी के बीच लगभग 50 मीटर सड़के का ढलाई नहीं हुआ है जिस कारण बरसात के दिनों में वहाँ पानी जम जाता है जिससे कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही कोई स्टैण्ड नहीं होने से कई कर्मचारियों का मोटरसाईकिल चोरी हो जाती है। अतः संघ मॉग करती है कि उक्त कार्यालय हेतु पहुँच पथ एवं साईकिल स्टैण्ड का निर्माण करवाया जाय जिससे कर्मचारियों को इस गंभीर समस्या से छुटकारा मिल सके।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>01/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN (C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>कार्य प्रगति पर है। इस कार्य को जून 2023 तक पूरा करा लिया जायेगा।</td><td>समीक्षा की जाए।<br>यथावत।</td><td>मद बंद।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>14</td><td colspan="3" rowspan="2">ईस्टर्न रेलवे कॉलोनी गढहरा में लगभग 50 ऐसे आवास है जिसमें पानी की टंकी नहीं है और जिन आवासों में है वो जर्जर अवस्था में हैं जिससे रेल कर्मचारियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है ।<br>अतः संघ मॉग करती है कि उक्त रेलवे कॉलोनी में नई पानी टंकी लगाई जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>04/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN (C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>Tube well बनाने का कार्य प्रगति पर है। इसे शीघ्र पूरा करा लिया जायेगा।</td><td>समीक्षा की जाए।<br>यथावत।</td><td>त्वरित कार्रवाई की जाए।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>15</td><td colspan="3" rowspan="2">अभियंत्रण विभाग के कर्मचारियों की मूलभूत समस्या के संबंध में ।<br>1.गेट पर कार्यरत कर्मचारियों को समय से बैट्री निर्गत नहीं किया जाता है जिससे प्रोसिड सिंगनल देने में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता है।<br>2.पेट्रौलमैन को सर्दी का जैकेट नहीं दिया गया है।<br>3.ट्रैकमेन्टेनर को 2022 का जूता नहीं दिया गया है।<br>4.सोनपुर मंडल के वसेई/जेई/रेलपथ के यहाँ से कार्ड पास नवीनीकरण एव नया प्राप्त नहीं हो रहा है।<br>अतः संघ मॉग करती है कि अभियंत्रण विभाग के उक्त समस्याओं का निदान यथाशीघ्र किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>05/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN (C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>1.बैट्री का स्टॉक मद है। इस सामग्री का आपूर्ति समस्तीपुर भंडार डिपो के माध्यम से होता है। सभी इंजी0 इकाई आवश्यकतानुसार अपना–अपना डिमांड UDM Portal के माध्यम से प्रेषित कर सामग्री की आपूर्ति करते आ रहे हैं। साथ ही साथ अभी जो ट्रॉर्च उपलब्ध करायी जा रही है। वो Chargeable है। इसलिए बैट्री की आवश्यकता नहीं है।<br>2.यह सामग्री क्रय हेतु प्रस्तावित किया जा रहा है। प्रस्तावित सामग्री क्रय</td><td>कार्ड पास संबंधी समस्याओं का निदान सुनिश्चित किया जाए।</td><td>यथावत।</td></tr>
</table>

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | होते ही आपूर्ति कर दिया जाएगा।<br>3.Safty Shoes की निविदा हेतु प्रक्रिया अंतिम चरण में है एवं सामग्री आपूर्ति के पश्चात सभी युनिट को आपूर्ति करा दिया जाएगा।<br>4.सोनपुर मंडल के वसेई/जेई/रेल पथ कार्ड पास का नवीनीकरण करा दिया गया है। | | |

| क्रमांक | 16 | सोनपुर मंडल मे कार्यरत महिलाओं के लिए रिलिभिंग लॉज की व्यवस्था करने के संबंध में। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 06/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEN (C) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | महिला शौचालय का प्रावधान PWI/SEE, IOW/HJP एवम समई/सोनपुर कार्यालय में उपलब्ध कराया गया है तथा इसे अन्य जगहों पर आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जाएगा।रिलिभिंग लॉज की व्यवस्था आवश्यकतानुसार की जाएगी। | पूरे मंडल में मैपिंग करते हुए संख्या ज्ञात किया जाये तद्नुसार इसके लिए कार्रवाई की जाए। यथावत। | यथावत। अन्य समान मद के साथ मर्ज कर दिया जाए। |

| क्रमांक | 17 | 1.ऐसा देखा जा रहा है कि कई मंडलो में आर्टिजन कर्मचारियों (अभियंत्रण) को वर्दी भत्ता दिया जा रहा है परंतु अपने मंडल में भुगतान नहीं किया जा रहा है। अतः संघ मॉग करती है कि इसकी समीक्षा कर वर्दी भत्ता का एरियर सहित भुगतान किया जाय।<br>2.वसेई/कार्य/बरौनी एवं गढ़हरा के आर्टीजन कर्मचारियों को वर्दी भत्ता भुगतान के संबध में।<br>वसेई/पथ/बरौनी, गढ़हरा में कार्यरत आर्टीजन कर्मचारियों को वर्दी भत्ता का भुगतान किया जाता है लेकिन वसेई/कार्य/बरौनी एवं गढ़हरा यूनिट मे कार्यरत कर्मचारियों को वर्दी भत्ता का भुगतान नहीं किया जाता है।<br>अतः संघ मॉग करती है कि वसेई/पथ/बरौनी एवं गढ़हरा में कार्यरत कर्मचारियों को भी वर्दी भत्ता का भुगतान किया जाय। मद सं0–49 मर्ज। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 12/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEN (C) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | रेलवे बोर्ड का पत्र के RBE No.141/2017 दिनांक 03.10.2017 के आदेश में वसेई/पथ के कोटि ट्रैक मैन को वर्दी भत्ता देने के लिए आदेशित है। आर्टिजन कर्मचारी को वर्दी भत्ता देने के लिए आदेशित नहीं है। | अन्य मंडलों द्वारा अपनाई जा रही प्रकिया को अपनाया जाए। | यथावत। |

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>18</td><td colspan="3" rowspan="2">सोनपुर मंडल के गढ़हरा, बरौनी, मुजफ्फरपुर, सोनपुर के रेलवे कॉलोनियों के बीच काफी जगह है एवं वहाँ जंगल उत्पन्न हो जाते है और वहाँ गंदगी का ढेर लग जाता है जो काफी खराब लगता है। अतः संघ मॉग करती है कि उक्त स्थल को चिहिंत कर पार्क का निर्माण कराया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>19/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN (C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>सोनपुर में ब्यूटी पार्क तथा तिकोनिया पार्क बना दिया गया है। गढ़हरा में भी पार्क बना दिया गया है।</td><td>लोकेशन चिन्हित किये जाय। यथावत।</td><td>यथावत।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>19</td><td colspan="3" rowspan="2">सोनपुर मंडल के सभी गार्डो के लिए FIR फॉर्म, शिकायत पुस्तिका एवं गार्ड प्रमाण पत्र आदि की आपूर्ति काफी लम्बे समय से नही हो रहा है जिसे वे अपने खर्च पर उक्त कार्य का निष्पादन कर रहे है और अपना रेल कार्य कर रहे है। अतः उक्त समाग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>17/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DOM</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>बैठक में लिए गए निर्णय का अनुपालन में सम्बन्धित फॉर्म की आपूर्ति हेतु स्टेशनरी स्टोर को आवश्यक निर्देश दिया गया है यथाशीघ्र आपूर्ति करा दिया जायेगा।</td><td>वांछित स्टेशनरी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।</td><td>मद बंद।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>20</td><td colspan="3" rowspan="2">सोनपुर मंडल के परिचालन गेट जिसका टीवीयू 50000 से अधिक है एवं कार्य का दबाव अधिक है। वहाँ 8 घंण्टों का डयूटी रोस्टर लागू किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>18/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DOM</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>50000 या अधिक टीमीयू वाले गेटों की सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही हेतु कार्मिक विभाग को पत्र निर्गत किया जाएगा।</td><td>समीक्षा की जाए। यथावत।</td><td>समीक्षा की जाए। यथावत।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>21</td><td colspan="3" rowspan="2">सोनपुर मंडल के अधिकाश आवासों में बिजली की वायरिंग वर्षो पुराना एवं जर्जर स्थिति में है। जिसमें कभी भी दुर्घटना घट सकती है। अतः संघ मॉग करती है कि इसकी समीक्षा कर आवासों में विघुत का नया अण्डर वायरिंग कराया जाए। खास कर वैसे आवासो का जिसमें अभी मरम्मत का कार्य चल रहा है।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>23/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">DEE (IC)/G</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>क्वार्टर के वायरिंग हेतु एक कार्य PH-51 मे प्रस्तावित किया गया है। कार्य स्वीकृत होने के पश्चात् रेल आवासों के रिवायरिंग का कार्य करा लिया जायेगा। पिछले पॉच वर्षो से यह कार्य PH-51 मे प्रस्तावित किया जा रहा है। परन्तु यह कार्य स्वीकृत नही हो पा रहा है। इस वजह से कुछ जर्जर स्थिति वाला रेल क्वार्टर को चिन्हित कर Revenue में कार्य कराने हेतु प्रस्ताव मंरेप्र/सोन0 महोदय के स्वीकृति हेतु प्रकिया में है।</td><td>इसके अतिरिक्त एक सर्वे किया जाए और आवश्यकतानुसार उसके लिए अलग से कार्रवाई किया जाए।</td><td>यथावत।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>22</td><td colspan="3" rowspan="2">रनिंग कर्मचारियों को लम्बे समय से डायरी का वितरण एंव वाटर बोतल का वितरण नहीं हो रहा है। उपरोक्त समाग्री का वितरण सुनिश्चित किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>25/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEE (TRO)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>लोको पायलट को डायरी की आपूर्ति फर्म के द्वारा दिनांक–05.05.2023 को की गई, जिसे लोको पायलटों में वितरित किया जा रहा है। निधि की अनुपलब्धता के कारण वाटर बोतल का कय नही हो पा रहा है। निधि उपलब्ध होते ही वाटर बोतल के कय संबंधी आवश्यक अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।</td><td>फंड के रिक्वायरमेंन्ट को रेज किया जाये।</td><td>वाटर बोतल स्पेशीफाई है कि नहीं इसकी समीक्षा करें। यदि देय है, तो इसको दिया जाए।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>23</td><td colspan="3" rowspan="2">कार्यरत एवं सेवानिवृत कर्मचारियों का उम्मीद कार्ड की अवधि समाप्त हो रही है। जिस कारण कर्मचारी चिकित्सा सुविधा लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतः संघ मॉग करती है कि उम्मीद कार्ड की अवधि बढ़ाई जाय जिससे कर्मचारियों उक्त सुविधा लेने में परेशानी न हो।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>28/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">DPO(IC)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>सभी बड़े स्टेशनों यथा– बरौनी, मुजफ्फरपुर एवं सोनपुर, में कैम्प लगाकर कार्यरत एवं सेवानिवृत कर्मचारियों का उम्मीद कार्ड की अवधि बढ़ाई जाने हेतु समस्या का निष्पादन किया गया है।</td><td>सभी बड़े स्टेशनों यथा– बरौनी, मुजफ्फरपुर एवं सोनपुर में इसके लिए कैम्प का आयोजन किया जाए।</td><td>मद बंद।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>24</td><td colspan="3" rowspan="2">CR (अनिवार्य विश्राम) उपभोग की समय सीमा बढाये जाने के संबंध में।<br>सोनपुर मंडल में स्टेशन मास्टरों की रिक्तियाँ अत्याधिक हैं, जिस कारण उनको लगातार विश्राम नहीं मिल पाता है विशेष कर कटिहार सेंक्शन में विश्राम नहीं मिल पाने के कारण जो CR (अनिवार्य विश्राम) उत्पन्न होता है, निर्धारित समयावधि एक माह के अंदर उपभोग करना संभव नही हो पाता है। अतः संघ मॉग करती है कि सी0आर0 के लिए निर्धारित समय अवधि एक माह से बढ़ाकर 12 माह किया जाए।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>37/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DOM</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>नीतिगत स्थापना मामलों से संबंधित है, जिस पर कार्मिक विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।<br><br>कार्मिक विभाग– यह नीतिगत मामला है, इस मद पर बैठक में चर्चा की, जाएगी।</td><td>कार्मिक विभाग द्वारा इसकी समीक्षोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जाए।</td><td>कार्मिक विभाग द्वारा समीक्षोपरांत संबंधित गाइडलाइन जारी किया जाये।</td></tr>
</table>

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 25 | सोनपुर मंडल के मेल गाड़ी प्रबंधकों को 2017 के बाद कोई लिंक डायग्राम जारी नहीं किया गया है और बी0ओ0एस भी नही बढ़ा है। जिसके कारण गाड़ी प्रबंधको का पदोन्नति प्रभावित हो रहा है। अतः संघ मॉग करती है कि बढ़े हुए गाड़ियों के संख्या के आधार पर नया लिंक डायग्राम जारी किया जाए। | | |
| मद सं0 | 38/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DOM | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | गार्ड लिंक डायग्राम मुख्यालय द्वारा निर्गत किया जाता है, जो अभी तक प्राप्त नही हुआ है। इस सम्बन्ध में मुख्यालय से संपर्क किया गया जिसके अनुसार इस माह के अन्त तक गार्ड लिंक डायग्राम सभी मंडल हेतु निर्गत किया जायेगा। जिसके आधार पर ही मेल/एक्सप्रेस एवं सवारी गार्ड के बी0ओ0एस0 की समीक्षा की जाती है। | समीक्षा की जाए। | मद बंद। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 26 | सोनपुर पैनल एवं उप–स्टेशन अधीक्षक कार्यालय को वार्तानुकूलित करने के सबंध में।<br>सोनपुर पैनल दूसरी मंजिल पर है एवं कार्यालय की बनावट इस प्रकार है कि गर्मी के मौसम में अत्यधिक गर्मी पड़ती है जिससे कार्य करने में असुविधा होती हैं। साथ ही सोनपुर उपस्टेशन अधीक्षक कार्यालय प्लेटफार्म पर अवस्थित है जिससे प्लेटफार्म का कोलाहल भी एकाग्रता को भंग करता है।<br>अतः संघ यह मॉग करती है कि दोनों कार्यालय को अविलंम्ब वार्तानुकूलित किया जाय। | | |
| मद सं0 | 42/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEE(G) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | रेलवे बोर्ड के मानक के अनुसार पैनल रूम एवम स्टेशन मास्टर कार्यालय में ए0सी0 लगाने का कोई प्रावधान/सर्कुलर नही है। सक्षम अधिकारी की अनुमति के पश्चात् उचित कार्यवाही की जाएगी। | इसको करा लिया जाए। | ए0सी0 लगाये जाने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार किया जाए। वमपचाप्र एवं वमविई/सामान्य इसकी जांच करें। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 27 | वसेई/पथ/सोनपुर कार्यालय में विघुत वायरिंग काफी जर्जर स्थिति में है। इसे नये शिरे से वायरिंग करवाने की आवश्यकता है एवं परिसर में भी अंधेरा रहता है वहाँ प्रकाश की समुचित व्यवस्था किया जाय। | | |
| मद सं0 | 43/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEE(G) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | नया वायरिंग का कार्य कराया जा रहा है। | यथावत। | मद बंद। |

| क्रमांक | 28 | विघुत (टीआरडी) विभाग में प्रवर टेक0 (टावर वैगन चालक) पद पर पदोन्नति के संबंध में। तकनीशियन–I लेवल –05 (टावर वैगन चालक) का पदोन्नति प्रवर टेक (टावर वैगन चालक) में वर्षो से लम्बित है। अतः संघ मॉग करती है कि उक्त पदोन्नति को यथाशिघ्र किया जाय। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 45/23 | | | |
| सम्बद्ध | DPO(IC) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | विघुत (टीआरडी) विभाग में टावर वैगन चालक के बीओएस के अनुसार टावर वैगन चालक लेवल–6 एवं लेवल – 07 का पद स्वीकृत नही है। अत स्वीकृत पद कें अनुपलब्धता के कारण टावर वैगन चालक लेवल–6 में पदोन्नति किया जाना स्थापना नियमावली के तहत अनुमेय नही है। | यथावत। | यथावत। |

| क्रमांक | 29 | समान्य भंडार डिपो,गढ़हरा के आर्टिजन संवर्ग को मर्ज करने के संबध में। गढ़हरा डिपों में कार्यरत आर्टिजन कर्मचारियों का पदोन्नति हेतु अपर ग्रेड में पद स्वीकृत नहीं होने के कारण पदोन्नति नहीं हो पा रहा है जिस कारण उक्त कर्मचारी को पदोन्नति का लाभ नही मिल पा रहा है।अतः संघ मॉग करती है कि आर्टिजन संवर्ग को मर्ज कर दिया जाय। जिससे कर्मचारियों को पदोन्नति का अवसर अधिक से अधिक मिले। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 45/23 | | | |
| सम्बद्ध | DPO(IC) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | गढ़हरा डिपों में आर्टिजन कोटि में कुल 14 पद स्वीकृत था। वर्तमान में उक्त कोटि के 03 पदो का अन्य यूनिट में स्थानांतरण एवं 04 पदो को अभ्यर्पित किया जा चुका है शेष 07 पदों को आर0बी0ई0 सं0 116/2016 के अनुसार मर्जर की प्रक्रिया की जा रही है। | यथोचित कार्रवाई की जाए। | यथावत। |

| क्रमांक | 30 | गाड़ियो संचालन वरीयता/पद के अनुरूप कराये जाने के संबध में। प्रायः देखा जा रहा है कि लोपा/पै0 से मेमु ट्रेन एवं लोपा/माल से मेल एक्सप्रेस एवं सुपर फास्ट गाड़ियॉ चलवाई जा रही है। अतः संघ यह मॉग करती है कि उपर्युक्त प्रशिक्षण उपरांत ही वरीयता/पद के अनुकूल चालको से गाड़ियो संचालन किया जाय। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 45/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEE(TRO) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | मेमू प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा निर्धारित Schedule के आलोक में मंडलीय वरीयता के अनुसार मेमू प्रशिक्षण कराया जा रहा है। पर्याप्त मात्रा मे मेमू प्रशिक्षणोपरांत लोको पायलट की बुकिंग वरीयता/पद के अनुरूप की जाएगी। | यथावत। | समीक्षा की जाए। |

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>31</td><td colspan="3" rowspan="2">ट्रेन पासिंग (समाडि) बरौनी डिपो के कर्मचारियों हेतु मूलमूत समस्या के संबध में जो निम्नलिखित है ।<br>1.शुद्व पेय जल का अभाव है।<br>2. बरौनी जं0 पर अवस्थित समाडि/ट्रेन पासिंग कार्यालय (एमजी) बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है इसे अन्यत्र स्थानान्तरित किया जाय या मरम्मत किया जाय जिससे कर्मचारी सुरक्षित कार्य कर सके।<br>3. बरौनी वाशिंग पीट पर अवस्थित स्टोर (डिपो) में बसेई/समाडि/बरौनी को स्टोर का कार्यमार दिया गया है जिससे अनुरक्षण कार्य प्रभावित होता है । स्टोर का कार्यमार किसी कार्याधी को दिया जाय जिससे संरक्षा प्रमावित होता न हो।<br>4.समाडि डिपो, गाड़ी प्रकाश, डिपो, बरौनी में कर्मचारियों की रिक्तियाँ काफी है जिसे यथाशीघ्र मरा जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>45/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DME</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>1. ट्रेन पासिंग बरौनी में प्लेटफार्म पर पीने के लिए शुद्व पेय जल की व्यवस्था है। जिसे कार्यरत कर्मचारी द्वारा भी उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त कोचिंग डिपो बरौनी में शुद्व पाये जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु 250 लीटर प्रति घटां का RO प्रस्थापित किया गया है।<br>2. ट्रेन पासिंग कार्यालय (एमजी) के मरम्मत कार्य हेतु समई(प0) को पत्र लिखा गया है।<br>3. भंडार के सुचारू रूप से संचालन हेतु भंडार में कार्याधी/लिपिक को पदस्थापित किया जा रहा है।<br>4.कार्मिक विभाग –समाडि डिपों गाडी प्रकाश/यातायात डिपों बरौनी में स्वीकृति पद–167 है, जिसके परिपेक्ष्य में कार्यरत बल–157, रिक्ति–10 जिसके लिए भर्त्ती अनुभाग को Indend प्रेषित किया गया है, जिसके सापेक्ष में कुल 05 अभ्यर्थियों का पैनल प्राप्त हुआ है। पदस्थापना/नियुक्ति प्रकियाधिन है।</td><td>यथावत।</td><td>यथावत।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>32</td><td colspan="3" rowspan="2">रनिंग कर्मचारियों की पदस्थापना के संबध में।<br>सोनपुर मंडल में लोको रनिंग कर्मचारियों का सामान्य वरीयता के तहत लोपा/माल से लोपा/सवारी में पदोन्नती हो रहा है इस पदोन्नती में बी0ओ0एस0 से अधिक पदस्थापना करना पड़ता है ।<br>अतः संघ मॉग करती है कि प्रोफार्मा पदोन्नती में स्थानान्तरण न करते हुए जो जहॉ उन्हें वहीं पदस्थापित किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>46/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEE<br>(TRO)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>प्राथमिक आवश्यकता एवं संरक्षित ट्रेन परिचालन के दृष्टिकोण से किया जाता है।</td><td></td><td>मद बंद।</td></tr>
</table>

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 33 | प्रत्येक रनिंग कर्मचारियों को प्रत्येक तीन वर्ष पर बैग या बैग भत्ता देना है।<br>अतः संघ मॉग करती है कि रनिंग कर्मचारियों को बैग भत्ता ही दिया जाय। | | |
| मद सं0 | 47/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEE (TRO) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | चर्चा बैठक में की जाएगी। | | यदि पॉलिसी है तो इनको दिया जाएगा। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 34 | सलोपा के लिए टूल्स बॉक्स उपलब्ध कराने के संबध में।<br>लोको पायलट की तरह ही सलोपा को कई प्रकार टूल उपलब्ध कराया गया है और कुछ आवश्यक निजी समान जैसे कपड़े, पानी का बोतल आदि लेकर गाड़ी कार्य करना पड़ता है जिससे सलोपा का भी बैग का वजन काफी हो जाता है।<br>अतः संघ मॉग करती है कि लोपा की तरह सलोपा को भी प्रत्येक लॉबी में टूल बॉक्स उपलब्ध कराया जाय। | | |
| मद सं0 | 48/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEE (TRO) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | वित्तीय वर्ष–2023–2024 में उचित लेखाशीर्ष मे निधि का उपलब्धता नही है। | | प्रावधानानुसार समीक्षा की जाए। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 35 | रनिंग रूम में कार्यरत हेल्पर को रनिंग रूम से हटाने के सबध में ।<br>रनिंग रूम सोनपुर में कार्यरत हेल्पर का लियेन मैकेनिकल विभाग में निर्धारित किया गया था।<br>अतः संघ यह मॉग करती है कि पूर्व में लिये गये निर्णय के अनुसार इनका लियेन मैकेनिकल विभाग में किया जाय। | | |
| मद सं0 | 49/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DME | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | समाडि विभाग के कर्मचारी जो वर्तमान में रंनिग रूम में कार्य कर रहे है, उनको पुनः अपने मूल विभाग में स्थानान्तरण करने हेतु कार्मिक विभाग को कई बार पत्र प्रेषित किया जा चुका है, परन्तु अभी तक उक्त पत्र का अनुपालन नही हो पाया है एवम् कृत कार्यावाही से भी अवगत नही कराया गया है।<br><br>कार्मिक विभाग–सक्षम अधिकारी के समक्ष मिसिल प्रस्तुत है। | | अविलम्ब निपटारा किया जाए। |

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>36</td><td colspan="3">यांत्रिक विभाग के कैरेज के जेई का वसेई के पद पर पदोन्नती के सबंध में।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>50/23</td><td colspan="3">यॉत्रिक विभाग के कैरेज के जेई का वसेई के पद पर पदोन्नति के संबंध में रेलबे बोर्ड के कैडर रिस्ट्रकचरिंग 2013 के अनुसार संरक्षा कैडर में वसेई एवं जेई का कैडर 67:33 में रखना है जिसका अनुपालन नहीं होने से कर्मचारी पदोन्नती प्रभावित हो रहा है ।<br>अतः संघ मॉग करती हे कि नये रिस्ट्रक चरिंग के तहत बी0ओ0एस0 निर्धारित कर पदोन्नती का लाभ दिया जाय।</td></tr>
<tr><td>सम्बद्ध</td><td>DPO(IC)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td>समाडि विभाग – कार्मिक विभाग से संबंधित है।<br>कार्मिक विभाग –समाडि विभाग के सीसेई एवं जेई का वर्ष–2013 में Restructuring किया जा चुका है, जिसके अनुसार वर्तमान में सीसेई एवं जेई का स्वीकृत पद कमशः सीसेई–52, जेई–48 है। विभाग द्वारा कैडर Review का कोई प्रस्ताव प्राप्त नही हुआ है।</td><td></td><td>कार्मिक विभाग द्वारा समीक्षा की जाए।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>37</td><td colspan="3">वसेई/कैरेज/नारायणपुरअनंत में कर्मचारियों एवं समानों की कमी के संबध में।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>51/23</td><td colspan="3">उक्त जगह पर कर्मचारियों के रिक्तियों को बावजूद गाड़ी फिट करने के लिए मात्र चार घंण्टे का समय निर्धारित है। ऐसे स्थिति में गाड़ियों का परीक्षण सही से नहीं हो पाता है। साथ ही Break block, Break shoe key, Door eye bolt, push rod safety नकल पीन आदि की भारी कमी रहती है। ऐसे में जबरन फीट दिलवाना संरक्षा से खिलवाड है।<br>अतः संघ यह मॉग करती है कि उक्त कमी को दूर किया जाय।</td></tr>
<tr><td>सम्बद्ध</td><td>Sr.DME</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td>रेक फिट करने हेतु चार घंटे समय का निर्धारण किया गया है। Break Block एवं Break Shoe Key डिपो में उपलब्ध है। Push Rod Safety जमालपुर कारखाना से प्राप्त किया गया है एवं उपलब्ध है। Knuckle pin एवं Door Eye Bolt डिपों में लोकल मेड बनाया जा रहा है।</td><td></td><td>समान उपलब्ध करा दिया गया है। आदमी की उपलब्धता जांच कर ली जाए।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>38</td><td colspan="3" rowspan="2">टावर वैगन चालक का वेतन निर्धारण के संबध में।<br>रेलवे बोर्ड के आदेशनुसार टावर बैगन चालक को भी वेतन निर्धारण 7वें वेतन आयोग के अनुसार रनिंग कर्मचारियों के अनुसार ही किया जाना था परंतु टावर बैगन चालक को फिटमेन्ट फैक्टर 2.57 से गुणा किया जबकि 3.01 से गुणा कर वेतन निर्धारण करना था।<br>अतः संघ यह मॉग करती है कि टावर बैगन चालक का सही फिटमेन्ट फैक्ट से वेतन निर्धारण कर एरियर का लाभ दिया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>52/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">DPO(IC)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>रेलवे बोर्ड के पत्र सं0–PC-VII/2017/1/7/5/5 dt.-12.04.2018 के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार टावर बैगन ड्राईवर को रनिंग कर्मचारी के समतुल्य लाभ नहीं दिया जाना है।</td><td></td><td>कार्मिक विभाग द्वारा समीक्षा की जाए।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>39</td><td colspan="3" rowspan="2">सोनपुर एवं नारायणपुर अनंत से कर्पूरीग्राम खण्ड में ट्रैकमेन्टेनर के लिए कोई गैंग हट नहीं है।<br>अतः संघ मॉग करती है कि सोनपुर स्टेशन के साथ–साथ उक्त खण्ड पर यथाशीघ्र गैंग हट का निर्माण किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>53/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN (C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>सोनपुर में गैगहट की निर्माण की आवश्यकता नही है क्योकि पर्याप्त रेलवे क्वार्टर उपलब्ध है। ढोली में गैंगहट का निर्माण हो चुका है। नारायणपुर अनंत कार्य कराया जा रहा है।</td><td></td><td>वमइं/समन्वय इसकी समीक्षा कर इसको कराया जाए।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>40</td><td colspan="3" rowspan="2">ट्रैकमेन्टेनर को साईकिल भत्ता के संबध में।<br>ट्रैकमेन्टेनरों को अभी तक साईकिल भत्ता का भुगतान नहीं किया जाता पूर्व के बैठक में सहमति बनने के बावजूद है।<br>अतः यह संघ मॉग करती है कि ट्रैकमेन्टेनरों साईकिल भत्ता का भुगतान यथाशीघ्र किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>54/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEN (C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>सभी समई/सोनपुर मंडल को इस कार्यालय के पत्र सं0:–डब्लू/9/ई–2/सर्कुलर/भाग–V/ डब्लू –6 दिनांक –22.12.2022 के द्वारा नियमानुसार साइकिल भत्ता का भुगतान करने हेतु पत्र दिया गया है।</td><td></td><td>इसका जांच की जाए।</td></tr>
</table>

| क्रमांक | 41 | ट्रैकमेन्टेनर के कार्य अवधि के संबध में ।<br>ट्रैकमेन्टेनर हमेशा मौसम के विरूद्व कार्य करते है जिससे की ट्रैक अनुरक्षण प्रमावित न हो परंतु इनसे निर्धारित समय सीमा अधिक कार्य लिया जाता है। जिससे समाजिक एवं परिवारिक दायित्व निर्वाह नहीं कर पाते है एवं मानसिक तनाव में रहते है ।<br>अतः संघ यह मॉग करती है कि ट्रैकमेन्टेनर से 8 धंण्टे से अधिक कार्य न लिया जाय एवं मोजनअवकाश मी 30 मिनट किया जाय। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 55/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEN (C) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | ट्रैकमेन्टेनर से 8 घंटा ही कार्य लिया जाता है। और भोजन अवकाश के अनुरूप एवं रोस्टर से ही निर्धारित है। जहॉ तक भोजन अवकाश का समय कम करने का प्रश्न है। यह रोस्टर मे बदलाव उच्च स्तर का मामला है। | | फील्ड में इसको वमई/समन्वय इसको लागू किया जाए। |

| क्रमांक | 42 | सोनपुर मंडल में कार्यरत ट्रैकमैन को रैन कोट आपूर्ति करने के संबध में।<br>वर्षा आरंम्भ होने से पूर्व ट्रैकमैनो को रैन कोटों की आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि कर्मचारी सरंक्षित परिचालन में निर्वाध रूप अपने कार्य सम्मपादित कर सके। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 56/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEN (C) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | ट्रैकमैन को रैन कोट आपूर्ति करा दिया गया है। | | मद बंद |

| क्रमांक | 43 | सोनपुर मंडल में सभी विमागों में विशेषकर अभियंत्रण एवं टीआरडी विभाग में कर्मचारियों को गलत ढंग से आरोपित करने के संबध में। उदाहरणस्वरूप– 1. मो0 हमजा ट्रैकमैन गैंग सं0–09 को कार्य के दौरान गलती के लिए दण्ड दिया गया जबकि वह कार्य क्षेत्र उसके अधीन नहीं है दूसरे कर्मचारी को बचाने लिए मो0 हमजा को आरोपी बनाया गया इसकी जॉच कर कार्यवाही किया जाय। 2.नितेश कुमार राय, टेक–।। एवं प्रदीप कुमार टेक–।।। अधीन–वसेई/टीआरडी/सोनपुर के मामले को देखा जा सकता है। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 57/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEN (C) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | मो0 हजमा ट्रैकमैन गैंग सं0:–09 में कार्यरत है। की मैन के पद पर गैंग सं0–09 गैंग बीट पूसा रोड–दूबहर के बीच है। कि0मी0 48/13.15 से 55/23–25 तक इन्ही के बीच मे जुगल फिश प्लेट का वोल्ट लूज पाया गया और 20 अदद् ECR गिरा हुआ पाया गया इसलिए SF ।। समई/द0/मुजफ्फरपुर द्वारा दिया गया है। कर्मचारी का आरोप बेबुनियाद है। | | समीक्षा की जाए। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 44 | सोनपुर मंडल के अधिकांश गेटो पर चापाकल का पानी पीने योग्य नहीं है। कई चालकलों से गंदा पानी आता है। उदाहरण स्वरूप' गेट सं0– 81,82,83,86 आदि।<br>अतः संघ मॉग करती है कि सभी गेटों के चापाकल ठीक कराकर पीने योग्य पानी की व्यवस्था किया जाय ।जिससे कर्मचारी को स्वच्छ जल प्राप्त हो सकें। | | |
| मद सं0 | 58 / 23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEN (C) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | नये चापकाल के लिए कार्य स्वीकृति हो चुका है। इसके अन्तर्गत कार्य कराया जाएगा। | | यथावत। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 45 | मानसी–सेमापुर रेलवे कॉलोनियों में पुराने वृक्ष है जो सूख गये है हल्की बारिश एवं हवा बहने पर टूट कर गिरने का डर रहता है ऐसे वृक्ष गिरने से जान–माल का खतरा भी है।<br>अतः संघ मॉग करती है कि पुराने वृक्षो को चिन्हित कर उनको कटवाया जाय। | | |
| मद सं0 | 59 / 23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEN (C) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | चर्चा बैठक में की जायेगी। | | इसको अविलम्ब पूरा किया जाए। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 46 | रेल कर्मचारियें का पानी बिल प्रत्येक माह कटौती हो रहा है जबकि पानी सप्लाई हेतु कोई व्यवस्था नही है। रोड साईड[illegible]स्टेशनों पर समरसेबुल किया हुआ है लेकिन आवासों में सप्लाई नहीं दिया गया है। पानी हेतु चापाकल भी नहीं है और यदि है भी तो गर्मी के कारण सुख गये है। खरीक, महेशखुट, नाराणपुर स्टेशन आदि में देखा जा सकता है। अतः संघ मॉग करती है कि उक्त स्टेशन आवासों में भी पानी की समुचित सप्लाई प्रदान किया जाय। | | |
| मद सं0 | 60 / 23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEN (C) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | चर्चा बैठक में की जायेगी। | | समीक्षा की जाए। |

| क्रमांक | 47 | सहायक मंडल अभियंता, थानाबिहपुर अधीन सुपरवाईजर द्वारा मनमाने ढंग से स्थनान्तरण करने के संबध में।<br>समई/थानाबिहपुर के पर्यवेक्षक द्वारा मनमाने ढंग से स्थानान्तरण गैंग परिवर्तन करके कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा हैं। जिससे कर्मचारियों के बार–बार कार्यस्थल परिवर्तन से भी परेशानी होती है। अतः संघ मॉग करती है कि जिसकी पदस्थापना जहॉ पर हो उससे वहीं कार्य लिया जाय। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 61/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEN (C) | अद्यतन अभियुक्ति | सम्बद्ध | निर्णय |
| | | चर्चा बैठक में की जायेगी। | | Sr.DEN/C के द्वारा इसकी जांच की जाए। |

| क्रमांक | 48 | समाडि डिपों, गाड़ी प्रकाश डिपों एवं वातायान डिपो में कर्मचारियो की काफी कमी है साथ ही दिन प्रतिदिन बरौनी बेस से चलने वाली गाड़ी की संख्या बढ़ती जा रही है। अतः संघ यह मॉग करती है कि कर्मचारियों की पदस्थापना यथाशीघ्र किया जाय। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 62/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DME & DPO(IC) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | समाडि विभाग– कार्मिक विभाग से संबंधित है।<br>कार्मिक विभाग –समाडि डिपों गाडी प्रकाश/यातायात डिपों बरौनी में स्वीकृति पद–167 है, जिसके परिपेक्ष्य में कार्यरत बल–157, रिक्ति–10 जिसके लिए भर्त्ती अनुभाग को Indend प्रेषित किया गया है, जिसके सापेक्ष में कुल 05 अभ्यर्थियों का पैनल प्राप्त हुआ है। पदस्थापना/नियुक्ति प्रकियाधिन है। | | मद बंद। |

| क्रमांक | 49 | बरौनी जं0 पर एप्रौन लगाये जाने के संबध में।<br>बरौनी जं0 पर प्लेटफार्म संख्या– 02 से 09 तक हाईड्रेन पाईप के नीचे एप्रॉन लगाया जाय। जिससे की समाडि, विधुत एवं सफाई कर्मचारियों को गाड़ी के आगमन पर कार्य करने में कठिनाई न हो एवं सरंक्षित कार्य कर सके। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 63/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEN (C) & Sr.DME | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | चर्चा बैठक में की जायेगी। | | मद बंद। |

| क्रमांक | 50 | सेमापुर से मानसी खंण्ड में रेल कॉलोनियों में विधुत सप्लाई हेतु Over head wire काफी पुराना एवं जर्जर है जिस कारण हल्की वारिस एवं तूफान में तार टुट जाता है एवं विधुत सप्लाई 02–03 दिन बंद रहता है जिस कारण कर्मचारी एवं उनके परिवार को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। अतः संघ मॉग करती है कि अन्य जगहों की तरह ही विधुत केवल एवं पोल लगाया जाय। जिससे कर्मचारियों के आवासों में निर्वाध रूप से विधुत आपूर्ति हो सके। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 64/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEE | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | इस खण्ड में जितने सभी जर्जर ओवर हेड वायर है, उनके स्थान पर **Aerial Bunch Cable(ABC)** लगाने की प्रकिया चल रही है। अतिशीघ्र कार्य पूरा किया जाएगा। | | |

| क्रमांक | 51 | टीआरडी डिपो/सोनपुर का 2019 के बकाया समयोपरि भत्ता का मद पी0एन0एम0 में बंद कर दिया गया परंतु आज तक 2019 के एल0एच0एस0 के बकाये समयोपरि भत्ता का भुगतान आज तक नहीं हुआ। अतः संघ यह मॉग करती है कि उपरांक्त समयोंपरि भत्ता का भुगतान यथाशीध्र किया जाय। | | |
|---|---|---|---|---|
| मद सं0 | 65/23 | | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEE/TRD & DPO(IC) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | टीआरडी विभाग– LHS 2019 से संबंधित समयोपरि भत्ता पर पूर्व में अमंरेप्र–।।/सोनपुर महोदय से अनुमोदन उपरांत दिनांक–31.01.2023 को भुगतान हेतु प्रेषित किया गया था, परन्तु लेखा विभाग के द्वारा बिना विधिक्षण समयोपरि दावा भत्ता को 5000/– से ऊपर के रकम पर अनुमोदन हेतु कार्मिक विभाग के वापस किया गया था, तत्पश्चात् इस विभाग के द्वारा रू 5000/– से अधिक के रकम पर अमंरेप्र –।। सोनपुर महोदय से अनुमोदन उपरांत दिनांक–19.06.2023 को कार्मिक विभाग को भुगतान हेतु प्रेषित किया गया है।<br><br>कार्मिक विभाग–टीआरडी विभाग के कर्मचारियों का वर्ष–2019 का समयोपरि भत्ता अमंरेप्र महोदय के अनुमोदन उपरांत लेखा विभाग में विधिक्षण हेतु भेजा गया है। विधिक्षणोंपरांत अगली माह के नियमित वेतन बिल में भुगतान सुनिश्चित कर ली जाएगी। | | यथावत। |

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>52</td><td colspan="3" rowspan="2">टी0आर0डी0 डिपों ,सोनपुर में कर्मचारियो के बैठने के लिए कोई रूम चिहिंत नहीं है। पहले से जो रूम था उसे स्टोर रूम में बदल दिया गया है। साथ ही साईकिल स्टैण्ड भी नहीं है<br>अतः संघ यह मॉग करती हे कि कर्मचारियों को बैठने के लिए रूम उपलब्ध कराया जाय एवं साईकिल स्टैण्ड का निर्माण कराया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>66/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEE/TRD</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>इस कार्यालय के समसंख्यक पत्रांक–ईएलडी/एसईई/ई/02/103 दिनांक–14.03.2023 एवं ईएलडी/एसईई/ई/02/138 दिनांक–19.06.2023 के द्वारा मंरेप्र (इंजी)/सोनपुर को मोटरसाइकिल स्टैड एवं कर्मचारियो के बैठने के लिए रूम बनाने हेतु पत्राचार किया गया है।</td><td>.</td><td>वमविई/टीआरडी कमरा बनाने हेतु वमई संमन्वय को प्रस्ताव दिया जाए।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>53</td><td colspan="3" rowspan="2">बरौनी टीआरडी , डिपो एवं सोनपुर डिपों के कर्मचारियों का यात्रा भत्ता एवं समयोंपरि भत्ता का भुगतान वर्ष 2021 से ही लंम्बित है ।<br>अतः संघ यह मॉग करती है कि उक्त बकाया भत्तो का अविलंम्ब भुगतान किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>67/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEE/TRD<br>&<br>DPO(IC)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>सभी समयोपरि भत्ता एवं यात्रा भत्ता भुगतान हेतु कार्मिक विभाग को प्रेषित किया गया है।<br>कार्मिक विभाग– 1.वित्तीय बर्ष–2021–22 के अंतर्गत सभी यूनिटों को लंम्बित यात्रा भत्ता जून/2023 माह में भुगतान कर दिया गया है।<br>2. बर्ष–2021–22 का समयोपरि भत्ता लंम्बित नही है। तथापि बर्ष–2019 का लंम्बित जो मद सं0–65/23 पर दर्शाया गया है, को विधिक्षण हेतु लेखा विभाग को भेज दिया गया है।</td><td></td><td>यथावत।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>54</td><td colspan="3" rowspan="2">बरौनी टीआरडी डिपों में महिला कर्मचारियों के लिए अलग चेजिंग रूम निर्माण की अति आवश्यकता है। जबकि एक रूम खाली है।<br>अतः संघ यह मॉग करती है कि उक्त स्थल पर अलग चेंजिंग रूम का निर्माण किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>68/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DEE/TRD<br>&<br>Sr.DEN (C)</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।</td><td></td><td>मद बंद। इसको मर्ज किया जाए।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>55</td><td colspan="3" rowspan="2">पी0आर0एस0 मुज0 में कर्मचारियों की भारी कमी है। जिससे कर्मचारियों को समय पर विश्राम एवं छुटटी नही मिल पाता है। अतः संघ मॉग करती है कि बी0ओ0 एस0 के अनुसार कर्मचारियों का पदस्थापना किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>69/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DCM</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>बी0ओ0एस0 के अनुसार मुजफ्फरपुर PRS कार्यालय में कुल 11 पद स्वीकृत है। मुजफ्फरपुर में आरक्षण संवर्ग के कुल 09 कर्मचारी पदस्थापित है। तथा 01 कर्मचारी बुकिंग कार्यालय से आरक्षण कार्यालय में कार्य कर रहे है। नए पैनल में आए कर्मचारियों की ट्रेनिंग के बाद बी0ओ0एस0 के अनुसार कर्मचारियों की पदस्थापना अगले तीन से चार माह में कर दी जाएगी। विगत तीन महिने में मुजफ्फरपुर PRS के कर्मचारियों द्वारा उपभोग किए गए अवकाश का विवरण संलग्न है। जिससे स्पष्ट है कि मुजफ्फरपुर PRS के कर्मचारियों द्वारा अवकाश का उपभोग नियमित रूप से किया जा रहा है।</td><td></td><td>मद बंद।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>56</td><td colspan="3" rowspan="2">टी0टी0ई0 रेस्ट हाउस की सुविधा गार्ड/लोको पायलट के रनिंग रूम के समान देने के संबध में।<br>रेलवे बोर्ड के पत्रांक सं0– 2018/टीजी–वी/I/3 दिनांक–17.05.2023 के अनुसार टीटीई रेस्ट हाउस की सुविधा गार्ड/लोको पायलट के रनिंग रूम के समान दिया जाना है जिसमें खाने की सुविधा शामिल है परंन्तु बरौनी रेस्ट हाउस की स्थिति बहुत खराब है चादर, तकिया, मच्छरदानी ,आदि बहुत ही गंदे स्थिति में रहता है । एक ही कुलर है जो खराब है पीने का पानी का आर0ओ0 कई महीनों से खराब है।<br>अतः यूनियन मॉग करती है कि रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देशानुसार रनिंग रूम के समान सुविध उपलबध कराया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>70/23</td></tr>
<tr><td rowspan="2">सम्बद्ध</td><td rowspan="2">Sr.DCM</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td>बरौनी टीटीई रेस्ट हाउस में गार्ड/लोको पायलट के रनिंग रूम के तर्ज पर सुविधा दिए जाने हेतु PH-53 के तहत Air Conditioning करने के लिए वर्ष 2023–24 में प्रस्ताव दिया गया है। पूर्व में भी यह प्रस्ताव दिया गया था, परन्तु निधि की उपलब्धता नही रहने के कारण यह प्रस्ताव स्वीकृत नही हो सका था। बरौनी टीटीई रेस्ट हाउस में House Keeping, Cleaning एवं खाने की सुविधा हेतु निविदा की प्रकिया की जा रही है। बरौनी टीटीई रेस्ट हाउस में अन्य सामानों यथा स्टील अलमीरा, लॉकर, Microwave, Water Cooler with RO, वाशिंग मशीन, शू शाइनर, Insect killer तथा इलेक्ट्रीक आयरन आदि के प्रावधान हेतु प्रस्ताव प्रकियाधीन है। वर्तमान में एक RO कार्यरत है। अधिकांश कुलर में मोटर खराब हो जाने के कारण कुलर कार्य नही कर पा रहा है। इस संबंध में विघुत विभाग से लगातार संपर्क कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रयास जारी है।</td><td></td><td>यथावत।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>57</td><td colspan="3" rowspan="2">गाड़ी संख्या– 13420 जो मुज0 से भागलपुर तक जाती है उसमें 3 एसी और दो दो श्यानयान कोच है उसमें कडक्टर के लिए एसी में बर्थ नहीं है जबकि यही गाड़ी जब 13419 बनकर भागलपुर से मुज0 आती है तब उसमें 7 नं0 एसी 3 में कडक्टर के लिए सीट है ।<br>अतः यूनियन मॉग करती है कि 13420 मे भी 7 नंम्बर रीट कंडक्टर को एलॉट यिका जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>71/23</td></tr>
<tr><td>सम्बद्ध</td><td>Sr.DCM</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td>रेलवे बोर्ड के वाणिज्य परिपत्र सं0 72/2017 के आलोक में केवल एसी कोचों की मैनिंग हेतु एसी कोच में टी.टी.ई के लिए बर्थ देने का प्रावधान है। इस गाड़ी में इस रेलवे द्वारा 3 AC एवं Sleeper कोचों की मैनिंग किए जाने हेतु टी.टी.ई हेतु 3 AC Coach में बर्थ उपलब्ध है। गाड़ी संख्या– 13419 के टी.टी.ई के बर्थ हेतु पूर्व रेलवे द्वारा कार्यवाही की जानी है। तथापि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु इस कार्यालय के पत्र सं0 C/442/TC/Misc/Son/21 दिनांक 15.06.2023 के द्वारा मुख्यालय को सूचित किया गया है। ARP (Advance Period of Reservation) के बाद इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।</td><td></td><td>मद बंद।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>क्रमांक</td><td>58</td><td colspan="3" rowspan="2">रेलवे अस्पताल गढ़हरा की जर्जर स्थिति के संबध में।<br>रेलवे अस्पताल गढ़हरा के दिवार चौखट, बेड , स्ट्रेचर फर्नीचर आदि जर्जर स्थिति में है इसमें सुधार की आवश्यकता है।<br>अतः संघ यह मॉग करती हे कि रेलवे अस्पताल उपरोक्त कमी को दूर किया जाय।</td></tr>
<tr><td>मद सं0</td><td>72/23</td></tr>
<tr><td>सम्बद्ध</td><td>CMS</td><td>अद्यतन अभियुक्ति</td><td>पिछले बैठक का निर्णय</td><td>निर्णय</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td>इस संबंध में अमुचिधी/गढहरा द्वारा संबंधित विभाग को सुचित किया गया है।</td><td></td><td>Sr.DEN/C इसको ठीक कराया जाए। मविई /सामान्य विद्युत संबंधी कार्य को पूर्ण करायें</td></tr>
</table>

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 59 | उप स्टेघी, सोनपुर कार्यालय में महिलायों के लिए वाथरूम निर्माण के संबध में। | | |
| मद सं0 | 73/23 | उप– स्टेघी कार्यालय सोनपुर में लगभग 15 महिलायें विभित्र पालियों में कार्य करती है । रेलवे बोर्ड के दिशनिर्देशाअनुसार महिला के लिए अलग वाथरूम होना चाहिए। अलग वाथरूम नहीं रहने से महिलायें असहजता महसुस करती है।<br>अतः संघ मॉग करती है कि महिलाओं के लिए अलग से वाथरूम का निर्माण करवाया जाय। | | |
| सम्बद्ध | Sr.DOM & Sr.DEN (C) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | परिचालन विभाग–इस संबंध में स्टेघी/सोनपुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है कि अपने स्तर से आईओडब्लू/सोनपुर से सर्म्पक कर इसका निदान यथाशीघ्र किया जाए।<br>इंजी0 विभाग– चर्चा बैठक में कि जायेगी। | | मद बंद। इसको मर्ज किया जाए। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | 60 | विघुत लोको शेड, बरौनी के निम्नलिखित समस्या के संबध में। | | |
| मद सं0 | 74/23 | 1.विघुत लोको शेड बरौनी के रेल आवास सं0–202,201,301 कें सामने स्ट्रीट लाईट हाईमास्क लगवाया जाय। कई महिनों से अंधेरा है।<br>2.विघुत लोको शेड/बरौनी में आर0 ओ0 नहीं है, जिससे कर्मचारी को शुद्व जल नहीं मिल रहा है। अतः आर0 ओ0 लगवाया जाय।<br>3.विघुत लोको शेड/ बरौनी का आवासों का पुल निर्धारण किया जाय। | | |
| सम्बद्ध | Sr.DEE(TRS) | अद्यतन अभियुक्ति | पिछले बैठक का निर्णय | निर्णय |
| | | चर्चा बैठक में कि जायेगी। | | यथावत। |

<u>मंडल रेल प्रबंधक महोदय का संबोधन :</u> ईसीआरकेयू के विभिन्न स्टेशनों से आये सम्मानित पदाधिकारीगण, सोनपुर मंडल के अधिकारीगण का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कहा कि आज की पीएनएम बैठक में पुराने एवं नये सभी मदों पर चर्चा हुई। कुछ मदों पर प्रगति हुई है और कुछ ऐसे मद हैं जिन पर उम्मीद के हिसाब से प्रगति नहीं हुई। वैसे मद जिन पर निर्णय हो चुका है, उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसको क्रियान्वित किये जाने का निर्देश शाखाधिकारियों को दिया गया है। इंट्रोडक्टरी के माध्यम से प्रमुखतः दो तरह के मुद्दे उठाए गए– पहला मुद्दा संरक्षा से तथा दूसरा मुद्दा वर्किंग से है। सेफ्टी सुनिश्चित करने के लिए जो कदम उठाये जा रहे हैं, उसमें जो अनुशासनिक कार्रवाई किए जाने चाहिए, उसको किया गया है। रेलवे में सेफ्टी सर्वोपरि है। सेफ्टी है तो रेलवे है, सेफ्टी नही है तो रेलवे नहीं है। इसीलिए, पिछले प्रेम की

बैठक में चर्चा बिन्दु संरक्षा और सुरक्षा रखा गया था। जिसमें संरक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हमें क्या–क्या निरोधात्मक उपाय किये जाने है, पर बैठक में इस पर विस्तृत चर्चा हुई थी। सेफ्टी रेलवे की सबसे पहली प्राथमिकता है, इसको ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड ने भी यह स्पष्ट निर्देश दिया है कि सेफ्टी के लिए जो भी उपाय संभव है, वह किए जाए। जहां तक सामाग्री की आपूर्ति की समस्या है उसके बारे में मैं आज सभी शाखाधिकारियों को स्पष्ट रूप से कह रहा हूं कि संरक्षा से जुड़े सामाग्री हेतु निधि की कोई समस्या नहीं है। संरक्षा के शीर्ष पर निधि पर्याप्त है। इसीलिए, इसमें कोई समझौता नहीं होना चाहिए। संरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए काफी कुछ ऑटोमैटिक हो गया है। लेकिन अभी तक हमारी प्रणाली पूर्ण रूप से ऑटोमैटिक नहीं हैं इसमें अभी भीं मैन्यूअल इंटरवेंशन है। इसीलिए, हमें संरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से चौकस रहना है। अगर कर्मचारी की कोई समस्या है यथाः दैनिक समस्या, सर्विस से संबंधित समस्या या ज्ञान में कमी की समस्या है, उसको दूर करने के हमें फुलप्रुफ सिस्टम बनाना होगा। आज के परिवेश में एक भी एक्सीडेंट को काफी गंभीरतापूर्वक लिया जाता है। रेलवे बोर्ड का जीरो एक्सीडेंट का लक्ष्य है, को ग्रास रूट के कार्यरत कर्मचारियों को समझना होगा। कर्मचारियों को कार्य को सजगतापूर्वक संपादन करने के लिए जो भी जरूरी सुविधायें हैं उसको मुहैया कराया जाये। अभी वर्तमान में जो मामला है वह गेट खुला रखने का है। इसमें जांच के क्रम में पाया गया कि स्टेशन से प्राइवेट नंबर एक्सचेंज किया गया लेकिन बंद नहीं किया गया था। यह संरक्षा से जुड़ा ऐसा मामला है जिसमें कोई स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है। सेफ्टी से जुड़े मामले में इस तरह की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जा सकती है और न ही भविष्य में की जाएगी। कुछ मामले ऐसे हैं जिसमें सर्वसंबधित को नियम की जानकारी थी अथवा नहीं, कहना मुश्किल है। यदि डी एण्ड आर प्रोसेस में कोई त्रुटि रह गई है, तो उसको किस प्रकार से त्रुटिरहित प्रक्रिया की जानी है उसके लिए भी नियम हैं। नियमानुसार ही कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों की जो भी वास्तविक समस्याये हैं, उसको दूर किया जायेगा। हमे यह हमेशा ध्यान रखना होगा कि हमारा कार्य गुणवत्तापूर्ण हो। मैं हमेशा से यही कहता हूं कि कार्य गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। गुणवत्ता का मानक हमारे मंडल में अच्छा नहीं है, इसमें सुधार लाने की जरूरत है। जहां तक सामूहिक परिवाद की बात है तो शाखाधिकारियों को अपने स्तर पर इसकी जांच कराई जाए तथा विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। इस प्रकार की शिकायतों में सर्वसंबंधित पर कठोर कार्रवाई करने में कोई कमी नहीं की जानी है। शाखाधिकारी स्तर पर नीचे के स्तर पर जिस तरह के निर्देश जारी किये जाने चाहिए, उसमें काफी अभाव है। कुछ बाते यूनियन के तरफ से इस पटल पर रखी गई है, उसमें कुछ कर्मचारियों के बारे में हैं। संबंधित शाखाधिकारी उस संबंध में गहनतापूर्वक जांच लें और नियमानुसार कार्रवाई करें। यदि कमजोर पर कार्रवाई की जा रही है और मजबूत पर कार्रवाई नहीं की जा रही है तो यह काफी गलत बात है। इस बात से मैं काफी निराश हूं। सभी शाखाधिकारी इस चीज का विशलेषण करें तथा इसपर विधि सम्मत कार्रवाई करें।

मकाधि (प्रभारी)/सोन– आज की 35वीं पीएनएम काफी सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। सभी मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। कुछ मद बन्द भी हुए हैं और कुछ मदों पर ठोस निर्णय लिया गया है। इसके बाद मकाधि/प्रभारी महोदय ने सभा में उपस्थित तमाम अधिकारियों एवं कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों को लंच हेतु आमंत्रित करते हुए सभा का समापन किया।

(हस्ताक्षर) 09/12/23
(एस0 सी0 त्रिवेदी)
मंडल मंत्री /ईसीआरकेयू

(हस्ताक्षर) 21/12/23
(दीपक राज राय)
मकाधि(प्र0)/सोन